**खबर संक्षेप**

## ग्राम सालीवाड़ा के आनंद राय का डीएसपी के पद पर हुआ चयन



**नैनपुर।** नैनपुर विकासखंड के ग्राम सालीवाड़ा निवासी किसान सुशील राय के पुत्र आनंद राय ने सन 2019 में हुए पीएससी परीक्षा के आए परिणामों में पुलिस विभाग में डीएसपी के पद में चयन हुआ जिससे नैनपुर एवं मंडला जिले तथा परिवार का नाम रोशन कर आनंद राय ने यह साबित कर दिया कि कोई भी परीक्षा पास किया जा सकता है ग्रामीण क्षेत्र का विद्यार्थी क्यों ना हो विद्यार्थी को बस पढ़ाई में लगन व मेहनत करने से बड़ी से बड़ी आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में स्थान पाकर उच्च पदों में स्थान प्राप्त कर सकते हैं बताया जाता है कि आनंद राय की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही शासकीय स्कूल में हुई बाद में आनंद ने नैनपुर के सरस्वती शिशु मंदिर से माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा प्राप्त किया इसके बाद आनंद राय ने इंदौर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर उन्होंने एमपीपीएससी की परीक्षा में डीएसपी के पद पर चयनित हुए आनंद राय पारिवारिक पृष्ठभूमि जिसमें आनंद राय के पिता सुशील राय माता अंजना राय किसान एवं उनकी तीन बहनों के बीच में इकलौते भाई हैं आनंद को मिली इस उपलब्धि से उनका पूरा परिवार एवं ग्राम के सभी युवा बुजुर्ग माताएं बहने सभी अपने को गौरांवित कर ग्राम सालीवाडा नैनपुर मंडला जिले का नाम रोशन किया इस उपलब्धि से क्षेत्र के पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी उच्च पदों की प्रतियोगि परीक्षाओं में स्थान प्राप्त करने का हौसला तथा मेहनत लगन से मंजिल को प्राप्त करने प्रेरणा मिली ग्राम वासियों तथा नैनपुर एवं मंडला क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

## भाजपा किसान मोर्चा करेगा कैबिनेट मंत्री का स्वागत

**मण्डला।** मण्डला विधायक श्रीमति सम्पतिया उइके को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने के बाद पूरे जिले में एक हर्ष का माहौल है आज जबकि श्रीमति सम्पतिया उइके का कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार जिले में आगमन हो रहा है ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों से स्वागत रैली उपस्थित होने को कहा है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष उमेश शुक्ला ने बताया कि पूरे जिले के किसान मोर्चा के पदाधिकारीगण एवं कार्य समिति के सदस्यगण तथा मोर्चा से संबंधित सभी कृषकगण जिले के विभिन्न अंचलों में जहां से कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उइके की स्वागत रैली निकलेगी उपस्थित होकर स्वागत करने की अपील की है इसके अलावा नगर मुख्यालय में कटरा के समीप दोपहर 02 बजे उपस्थित होकर नगर में निकलने वाली स्वागत रैली में शामिल होने को भी कहा है।

## निर्माण एजेंसी ने ही तुड़वा दी सरोवर की दीवार

# लबालब भरे सरोवर को किया खाली

*** शासन और किसानों को क्या मिला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास

*अजब है हमारा जिला मण्डला और यहां की निर्माण एजेंसियाँ जो यहां के प्रतिभावान और ज्ञानी अधिकारियों की देखरेख में कार्य कर रही हैं। इनके ज्ञान की कोई सीमा नहीं सरोवर का निर्माण इसलिये कराया गया कि पानी एकत्रित हो सके और उसका उपयोग भू-जल स्तर बढ़ाने में, मवेशियों की प्यास बुझाने में और सूखी खेती को हरियाली युक्त बनाने में हो सके लेकिन लाखों के इन सरोवर में जहां पानी ही नहीं और पूरी राशि खर्च हो गई तो वहीं एक सरोवर ऐसा भी जो पानी से लबालब भरा हुआ था उसे न जाने क्यों निर्माण एजेंसी के ही अधिकारियों द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से सरोवर की दीवार तोड़कर खाली करा दिया गया। अब पानी रहित इन सरोवरों से किसकों और क्या लाभ हो पायेगा ये तो यहां के ज्ञानी और ध्यानी अधिकारी ही बता सकते हैं।*



देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को 2015-16 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खेत पर पानी की भौतिक पहुंच को बढ़ाना और सुनिश्चित सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करना, कृषि जल उपयोग दक्षता में सुधार करना, स्थायी जल संरक्षण प्रथाओं को लागू करना आदि था।

लेकिन इस योजना के जिम्मेदार जब खुद सरोवर बनाकर तोड़ने लग जाएं तब ऐसी क्रांतिकारी योजना से कृषि क्षेत्र व आम जनता को क्या लाभ हुआ यह शासन व इसके कर्ता-धर्ता एजेंसी ही जानें।

निवास जनपद की ग्राम पंचायत जवैधा के पोषक ग्राम हीरापुर में हाल के वर्ष 2023 में अमृत सरोवर (तालाब) का निर्माण किया गया था, बताया जा रहा है कि उक्त तालाब वॉटर शेड द्वारा बनाया गया है जिन्होंने बांध निर्माण सम्बंधित गाईड लाइन से हटकर निर्माणाधीन जगह जो बेहद हार्ड मुर्रम व पत्थरों युक्त है मशीनरी द्वारा उसी की मोटी मेढ़ बना दी जिसका अंजाम यह हुआ कि इसमें जल भराव होने के बाद इसके फूटने के डर से निर्माण एजेंसी वाटर शेड के जिम्मेदारों ने पहली ही बरसात में बांध की दीवार के दोनों छोर पर जेसीबी मशीन से कैनाल खोदकर जमा पानी बहा दिया और अपने भृष्ट कारनामों की कलई खुलने से रोक पाने में सफलता हासिल कर ली, अगर ऐसा न किया जाता तो उक्त सरोवर भी बीच से फूट जाता और नीचे बसे गाँव के लोगों को काफी नुकसान होता, जैसा कि जून माह में ग्राम पंचायत सुखरी संग्रामपुर के खरखरा ग्राम का अमृत सरोवर फूटा था।

ग्राम हीरापुर तालाब की निर्माण एजेंसी कौन है पूछे जाने पर पंचायत के सचिव ने बताया कि संभवतः यह सरोवर वॉटर शेड के लोगों द्वारा बनाया गया है, पंचायत द्वारा सिर्फ जगह का प्रस्ताव पास कर दिया गया है वहीं यह जानकारी भी मिली कि उक्त कार्य में मजदूरों को रोजगार गारंटी से भुगतान हुआ है जबकि इस सरोवर को बनाने में खुलकर मशीनरी का उपयोग किया गया है।

जिस तरह योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता बरती गई उसी तरह निर्माण कार्य में भी घोर लापरवाही की गई। अब जांच ईमानदारी से हो तो शायद लोगों को ज्ञात हो सके कि यह सब किसे लाभ पहुंचाने के लिये किया गया।

कुलमिलाकर शासन की कई लाखों की राशि का भ्रष्टाचार कर उक्त सरोवर निर्माण के भृष्ट जिम्मेदारों पर आखिर प्रशासन क्या कार्यवाही करता है यह जन प्रतीक्षित है।






# पानी-पानी को मोहताज बिनैका ग्राम के निवासी



*** जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान और न ही करते समस्या का समाधान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

नगर मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर ग्राम बिनैका में पानी-पानी को मोहताज हैं ग्रामवासी। जैसा कि हम जानते हैं ग्राम पंचायत बिनैका अपने कार्यों को लेकर हमेशा सुर्ख़ियों में बनी रहती है वैसा ही मामला एक बार फिर सामने आया है ग्राम पंचायत बिनैका में 2 दिन से नल-जल योजना बंद पड़ी है एक ओर जहां केंद्र की सरकार हर घर नल के द्वारा पानी पहुंचाने में जोर लगा रही है तो वही यहां पर अव्यवस्था कायम है यहां के प्रतिनिधि और जिम्मेदार लोग इस योजना को पलीता लगाने में लगे हुये हैं ग्राम पंचायत बिनैका में 2 दिन से लोग पानी-पानी को मोहताज है फिर भी ग्राम पंचायत इस पर ध्यान नहीं दे पा रही है जब ग्रामवासी के द्वारा पंचायत में जाकर पूछा गया कि पानी पानी क्यों नहीं आ रहा है तो पंचायत के द्वारा ढुलमुल जवाब दिया जा रहा है कोई कह रहा है की मोटर जल गई है और कोई कह रहा है की लाइन टूट गई है हो क्या रहा है इस पर कोई स्पष्ट जबाव नहीं दे पा रहे। ग्राम पंचायत बिनैका की आबादी लगभग 15000 है पानी की टंकी तीन है इसके बावजूद भी ग्रामवासी पानी को मोहताज है हर महीने पानी का बिल 70 रूपये पूरे ग्राम के लोगों से वसूला जाता है इसके बावजूद लोगों को पानी पीने को नहीं मिल पा रहा हर 15 दिन में कहीं मोटर जल जाती है तो कहीं पाइप लाइन टूट जाती हैं इस तरह के कारण बताए जाते हैं और लोग पानी को लेकर लगातार परेशान है ना तो ग्राम पंचायत समस्या का समाधान करने में रुचि दिखा रही है और ना ही संबंधित विभाग के कर्मचारी और न ही नगर की समिति ग्राम पंचायत बिनैका में पानी को लेकर लगातार लोग परेशान है आए दिन होती इस समस्या का समाधान यदि स्थाई रूप से नहीं किया गया तो अब जनता बड़े आंदोलन के लिए अपना मन बना रही है।

ग्राम में पानी की समस्या कोई नई नहीं यही कारण है कि लगातार यहां के लोग इसके लिये आवाज उठाते रहे हैं यहां पेयजल हेतु मण्डला से भी पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन लापरवाही के चलते यह व्यवस्था बाधित होती रही है।

# कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके का प्रथम मण्डला आगमन आज

*** जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



विधायक श्रीमती संपतिया उइके का मप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के पश्चात 29 दिसंबर, शुक्रवार को जिले में प्रथम आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जबलपुर से आगमन के दौरान जिले की सीमा में श्रीमती उइके की अगवानी करेंगे। इसके पश्चात मंडला आगमन के दौरान रास्ते भर जगह जगह स्थानीय मंडल के कार्यकर्ता एवं आमजन संपतिया उइके का स्वागत करेंगे। मंडला नगर में प्रवेश के पूर्व कटरा बायपास पर जिला एवं नगर के कार्यकर्ता संपतिया उइके का भव्य स्वागत किया जायेगा। जहां से स्वागत रैली प्रारम्भ होगी। रैली का नगर के प्रमुख स्थलों पर स्थानीय लोग उनका स्वागत करेंगे। नगर भ्रमण उपरांत चौपाटी के नजदीक स्वागत रैली का समापन होगा।

भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी एवं जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार की उपस्थिति में कार्यक्रम को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भाजपा नेत्री एवं मंडला विधायक श्रीमती संपतिया उइके को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया है। यह पहला अवसर है जब जिले के जनप्रतिनिधि को केबिनेट मंत्री पद से नवाजा गया है। इसके लिए उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति जिला भाजपा की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार में मण्डला विधायक श्रीमति संपतिया उइके को केबिनेट मंत्री बनाये जाने से समूचे क्षेत्र के कार्यकर्ता पदाधिकारी सामाजिक कार्यकर्ता मतदाता गौरवान्वित हैं। उनके आगमन को लेकर ना केवल विधानसभा में बल्कि संपूर्ण जिले में उत्साह और उमंग का वातावरण है। इसलिए शपथ ग्रहण करने के पश्चात जिले में प्रथम आगमन पर उनके भव्य स्वागत किये जाने की तैयारी की गई है।

श्री द्विवेदी ने कहा कि 29 दिसंबर को प्रातः 11 बजे मण्डला जिले की सीमा क्षेत्र के ग्राम डोभी से स्वागत रैली आरंभ होकर उदयपुर, बीजाडांडी, खूंटापडाव, कालपी, कुडामैली, टिकरिया, कूम्हा, लालीपुर, भावल, मंगलगंज, ग्वारी, फूलसागर, तिंदनी, गाजीपुर के पश्चात कटरा बायपास पहुंचेगी। यहां मण्डला ग्रामीण, मण्डला नगर एवं अन्य क्षेत्रों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्वागत रैली में शामिल होकर श्रीमति उइके का आत्मीय स्वागत अभिवादन करेंगे। त तत्पश्चात स्वागत रैली ग्राम पंचायत कटरा, बिंझिया होते हुए नगर के सभी प्रमुख मार्गों से निकलेगी। यहां जगह-जगह मण्डला नगर भाजपा द्वारा स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी संगठनों द्वारा स्वागत किया जायेगा। तत्पश्चात मण्डला नगर के चौपाटी के सामने स्वागत रैली पहुंचेगी, यहां पर आयोजित धन्यवाद सभा में उपस्थित होकर केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके एवं अन्य जनप्रतिनिधि आम जनता को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन भाजपा जिला कार्यालय में होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने जिले के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया है।

## नहीं रूक पा रहा है पलायन, मजदूरी करने जाते हैं बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



क्षेत्र में लगातार बढ़ते पलायन को रोक पाना प्रशासन के लिए असंभव सा हो गया दीपावली और चुनाव के बाद से लगातार आसपास के नगरी शहरों में बिल्डिंग और अनेक कामो के लिए बिल्डरों के आग्रह पर आमंत्रण पर पलायन करते क्षेत्र की मजदूर का पलायन करना अब तक लगातार जारी है, आज तक की प्रशासनिक व्यवस्थाओं ने वर्षों में पलायन को नहीं रोक पाए जो निश्चित रूप से इस क्षेत्र के विकास के लिए घातक है,, अगर इन मजदूरों को क्षेत्र में ही काम मिलता रहे तो ये पलायन क्यों करें पलायन करते हुए अनेक मजदूरों ने बताया कि काम धाम कटाई गहाई से फुर्सत होकर कुछ पैसे कमाने की जगत में हमें बाहर काम करने जाना पड़ता है ,अगर यही काम हमें हमारे गांव और क्षेत्र में मिले तो हम क्यों मजदूरी करने बाहर जाएं इस तरह की स्थिति विगत लंबे समय से चलती आ रही है जिसे रोक पाना सरकारों के बस की बात अब नहीं रही ,पूर्व में ग्रामीण रोजगार गारंटी सहित गांव में काम हुआ करते थे जिसमें मजदूरों की भागीदारी होती थी अब मशीनरी कम होने से मजदूरों का काम छिन गया है इस कारण मजदूरों का भागना चिंता का विषय है।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



'इंडियन नेशनल कांग्रेस' की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को हुई थी। कांग्रेस पार्टी का इतिहास संघर्ष, त्याग और बलिदान का इतिहास रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद आदि के नेतृत्व में हुए स्वतंत्रता संग्राम ने हमारे देश को आजादी दिलाई। कांग्रेस के लाखों लोगों ने संघर्ष, समपर्ण, यातनाएं सहकर राष्ट को स्वतंत्र कराने में अपना योगदान दिया था। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशो के परिपालन में आज 28 दिसम्बर, 2023 गुरुवार को सुबह 10 बजे नेहरू स्मारक स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस पार्टी का झण्डा फहराकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान कर, कांग्रेस के इतिहास एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मनाया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंडित राकेश तिवारी, शहर अध्यक्ष अभिनव चौरसिया नट्टू, सोनू भल्लावी, वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष मिश्रा, अदीब गौरी, राजेंद्र राजपूत, शकुन जंघेला, संतोष दुबे, छबिलाल कछवाहा, अखिलेश कछवाहा, शालिकराम दुबे, विनोद चौधरी, नुरैन मंसूरी, जीतराज़ कछवाहा, राहुल श्रीवास, जावेद कुरैशी, शाहरुख खान एवं मीडिया विभाग से विवेक दुबे शामिल रहे।




**कार्यालय नगरपालिका मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक/लो.नि.शा./2023/2635 — मण्डला, दिनांक 26.12.2023

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य/सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_315686_2 दिनांक - 26/12/2023 | प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच.पी. घटक अंतर्गत सबसिटी हेतु पैराडाइज शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण कार्य | 06 माह ₹ 41905932.00 | राशि 15000.00 ईमडी राशि 209530.00 | 29/01/2024 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में ऑनलाईन website http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(गजानन नाफडे)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद मण्डला

**खबर संक्षेप**

## अतिक्रमण के चलते बन जाती है जाम की स्थिति

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** यह बात अलग है कि प्रशासन द्वारा नगर में हर वर्ष अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाती है। मगर इस मुहिम का परिणाम इस प्रकार से देखने मिला है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटे मोटे लोगों को हटाते हुए बड़े प्रभावशाली लोगों को जिस प्रकार से अभय दान दिया जाता है कि उसके चलते न तो नगर को अतिक्रमण से मुक्ति मिल पा रही है और नही नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है? क्योंकि अतिक्रमण के चलते खाली होने वाली भूमि को भी प्रशासन द्वारा सुरक्षित करने में बरती जाने वाली कोताही का परिणाम है कि अतिक्रमणकारी चंद दिनों बात उस स्थल पर पुनः अपना कब्जा जमाने से नही चूकते है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के पुराना बस स्टेन्ड के पास देखने मिल रही है। जहां पर मुख्य मार्ग सहित सड़क के आसपास हुये अतिक्रमण का परिणाम है कि इस क्षेत्र में आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? इतना ही नही इस क्षेत्र में यदि अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ लोगों द्वारा नाली पर तक पक्का निर्माण करते हुए अपना कब्जा जमा लिया गया है, जिसके चलते बताया जाता है कि उनके पास पट्टा है? मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या नाली के ऊपर निर्माण करने के लिए पट्टा प्रदान किया जा सकता है जो जांच का विषय बना हुआ है।

## सड़कों पर पड़ी सामग्री से हो रहे आवागमन अवरूद्ध

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** सड़को पर पड़ी निर्माण सामग्री लोगों के आवागमन को अवरूद्ध करते हैं, संकीर्ण चौड़ाई वाले क्षेत्रों में या तो फुटपाथी दुकानदार बैठकर संकीर्णता पैदा करते हैं वही लोगों द्वारा सड़को पर डाली निर्माण सामग्री या गंदगी भी ऐसा अवरोध पैदा करती हैं, सड़कों का इस तरह का उपयोग नई बात नहीं है, हालांकि ऐसा करना वैधानिक भी नहीं है, परंतु कार्यवाही के अभाव में ऐसा किया जाना वैधानिक जैसा लगने लगा है और करने वाले सड़कों पर अपना अधिकार समझने लगे है। जिसका परिणाम है कि सड़कों पर यत्र चत्र निर्माण सामग्री भरी पड़ी रहती है। यह निर्माण सामग्री निजी मकानों की हो या फिर चल रही प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण की मगर नगर में जहां तहां निर्माण कार्य के चलते ठेकेदारो द्वारा डाली गई हो जो आम लोगों के लिए परेशानी का कारण साबित होते हुए देखी जा रही है, इस प्रकार से सड़को पर नियम विरूद्व डाली जा रही निर्माण सामग्री के चलते जहां सड़क का आधा भाग ऐसी सामग्री के चलते अवरूद्ध रहता है, वहीं शेष आधी सड़क से आने जाने वालों की यातायात हो पाता है जो कष्ट दायक व परेशानी भरा होता है, कुछेक सड़क किनारे बने मकानों के बाशिंदे भी सड़क को आंगन के रूप में इस्तेमाल करने से नहीं चूकते है? जबकि गौर किया जावे तो नगरपालिका के पास यह अधिकार है कि वह सडको पर डाले गये ऐसे सामानों को जब्त कर ले पर वह अपने अधिकारों के उपयोग को करने में कंजूसी करती है जिसके चलते लोगों के हौसले बुलंद होते जा रहे है और वह सड़को पर अपना कब्जा जमाते हुए चले जा रहे है, इस स्थिति के चलते नगरवासियों ने प्रशसन के साथ साथ नपा प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की गई है कि वह मुख्य सड़क मार्गों के ऐसे अवरोधों को दूर करने के प्रयास किये जायंअ ताकि आवागमन अवरूद्ध न हो।

## सड़कों पर पड़ी सामग्री

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासकीय व्यवस्था है कि सरकार स्वयं सभी विभागों के कामकाज पर आसानी से नजर नही रख सकती इसके लिए यह व्यवस्था बनायी गयी कि साल में एक या दो बार शासन के द्वारा नामित संस्था के व्यक्तियों द्वारा इन शासकीय विभागों के कामकाज का ब्यौरा लिया जाये तथा संस्था के जो अधिकारी विभागों के काम काज संभाले हुए है उनके दस्तावेज एवं महत्वपूर्ण फाइलों की जांच करते है वे चार्टर एकाउटेंड होते है जिन पर सरकार को विश्वास होता है कि वे छोटी से छोटी गलती एवं बहुत ही चालकी से की गयी बड़ी से बडी गडबड़ियों को आसानी से पकड लेगे ।

# माँ नर्मदा पूजन के साथ केबिनेट मंत्री उदय ने किया क्षेत्र में प्रवेश









**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

निश्चित तौर से गुरूवार का दिन गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के लिये स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाने वाला साबित होते हुये जान पड़ा। क्योंकि गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के इतिहास में ऐसा पहला अवसर आया है जब इस क्षेत्र से कोई नेता पहलीबार विधान सभा क्षेत्र का चुनाव लड़ने के बाद प्रदेश की राजनीति में केबिनेट स्तर पर पहुंचकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा है। यह बात अलग है कि क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक राव उदय प्रताप सिंह नरसिंहपुर होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र से लगातार तीन वार सांसद व तेंदूखेडा विधान सभा क्षेत्र से विधायक रह चुके है। मगर राव उदय प्रताप सिंह गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र से पहली बार विधायक का चुनाव लड़ते हुये जिस तरह उन्होंने अपने विजयश्री के क्रम को सिर्फ कायम ही नही बल्कि गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र से चुनाव जीतने में एक नया रिकार्ड कायम करने में सफल होने के साथ उनके यहां से पहली बार विधायक चुनने के बाद भाजपा संगठन द्वारा उन्हें केबिनेट मंत्री मंडल में शामिल करते हुये गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र का मान बड़ाया गया है उसके चलते क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में जिस तरह खुशी देखने मिल रही है उसका उदाहरण बीते हुये गुरूवार को उस समय देखने मिला जब वह केबिनेट में मंत्री पद की शपथ लेने के उपरांत अपनी विधान सभा क्षेत्र में पहली बार प्रवेश किया गया तो केबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के स्वागत के लिये मानो क्षेत्र की जनता टूट पड़ी हो और उन्हें अपनी पलकों पर बैठाते हुये क्षेत्र में प्रवेश कराया गया। बताया जाता है कि म.प्र. शासन के केबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा मंत्री बनने के बाद अपनी विधान सभा क्षेत्र में अंतिम छोर पर बसे हुये ग्राम झिकोली से की गई। अपने निर्वाचन क्षेत्र में प्रवेश करने के पहले केबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा माँ नर्मदाजी के झिकोली घाट पर माँ नर्मदाजी का पूजन अर्चन करते हुये प्रवेश किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा सहित अन्य भाजपा नेतागण मौजूद थें। ज्ञात हो कि जब उन्हें भाजपा द्वारा गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी घोषित किया गया था तो उनके द्वारा अपने चुनाव का प्रचार भी इसी स्थान पर माँ नर्मदाजी के पूजन के साथ किया गया था। इस तरह माँ नर्मदा पूजन के बाद जब केबिनेट मंत्री द्वारा अपने क्षेत्र में प्रवेश किया गया तो वहां पर मौजूद कार्यकर्ताओं द्वारा अपने लाडले नेता का भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत जब राव उदय प्रताप सिंह दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेडा पहुंचे तो वहां पर सबसे पहले दादा धूनी वालों के मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया। राव उदय प्रताप सिंह के सांईखेडा पहुंचने पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति स्वाति/सचिन अग्रवाल के आलवा कीरत सिंह पटैल, जित्तू पटैल, दिग्विजय सिंह राजपूत, स्वपनित सोनी, संतोष अवधिया, दुर्गेश अवधिया, केदार पटैल, अज्जू शुक्ला, संध्या भदौरिया, ओम प्रकाश राजपूत, खेतचंद रावत, संजय शर्मा, मनीष अवधिया, बहादुर सिंह राजपूत, महेन्द्र सिंह राजपूत, के पी राजपूत सहित अन्य लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान राव उदय प्रताप सिंह द्वारा सांईखेडावासियों को संबोधित करते हुये कहा गया कि में दादा धूनी वालों की नगर के निवासियों का आभारी हूं जिन्होनें मुझ पर विश्वास जताते हुये यहां तक पहुंचाया है मैं आज बादा करता हूं की आप लोगों के विश्वास को कभी टूटने नही दूगा। केबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार सांईखेडा आने पर मंत्री द्वारा विकास के द्वार खोलते हुये नगर सांईखेडा के लिये पहले दौर पर ही करोडो की सौगात के लिये घोषणा की गई। सांईखेडा से जब राव उदय प्रताप सिंह सालीचौका के लिये रवाना हुये तो गांव गांव स्वागत किया गया। वही सालीचौका पहुंचने पर तो हालत इस तरह से देखने मिल रहे थें माना क्षेत्र के लाड़ले विधायक का सम्मान करने के लिये लोगों का हुजूम उमड पड़ा हो और सालीचौका में केबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह का जगह जगह फल, लड्डू सहित अन्य प्रकार की सामग्री से तुलादान किया गया। गजराज रूहेला के घर पहुंचने पर उनके द्वारा अपने लाडले नेता का तुलादान लड्डुओं से किया गया। इसके उपरांत वही यूको बैक सब्जी बाजार के पास भाजपा नेता व विधान सभा संयोजक राजीव राय द्वारा केबिनेट मंत्री का अनेक प्रकर के फलों से तुलादान करते हुये सभी फलों को आमजन के बीच वितरण किया गया। वही जब केबिनेट मंत्री आभार सभा स्थल पहुंचे तो वहां पर भाजपा युवा नेता व पार्षद जितेन्द्र सिंह राय द्वारा क्षेत्र के लाडले मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का भव्य स्वागत करते हुये फलों से तुलादान करते हुये सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजीव राय विधान सभा संयोजक, जितेन्द्र राय व्यापारी संघ अध्यक्ष, राकेश कैलाश सिलावट अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, मुकेश मरैया पूर्व जनपद अध्यक्ष, डा योगेश कौरव, अशोक भार्गव, कुलदीप राय, गजराज सिंह रूहेला परिवहन समिति, पराग तिवारी, मयंक तिवारी, भरत पटैल किसान मोर्चा मंडल महामत्री, सीताराम चौकसे पूर्व सरपंच मारेगांव, राम नारायण बडकुर, जय प्रकाश वर्मा, सोनू राय, लक्ष्मी नारायण तिवारी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, राम दयाल पटैल, भैया जी उपरारिया, कामता प्रसाद वर्मा सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया गया। वही सालीचौका रेलवे ग्रांउड में आयोजित आभार सभा को संबोधित करते हुये राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आप लोगाों के आर्शीवाद से अपने मुझे अपना विधायक तो चुन लिया और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मुझ पर विश्वास जताते हुये एक मंत्री पद दिया गया है। इस प्रकार से मुझ पर अब आप लोगों की विधान सभा के साथ संपूर्ण प्रदेश के विकास का दायित्व है। मुझे मिला दायित्व कोई छोटा मोटा नही है क्योंकि मेरे सामने संपूर्ण प्रदेश के लोगों की सेवा करने की चुनौती है। मैं आप लोगों से सिर्फ एक बात कहता हूं आप भगवान से ही प्रार्थना करना की आपके नेता की मति अच्छी रहे और जब नेता की मति अच्छी रहती है तो वह अपनी जनता की सेवा करने में कोई कसर नही छोड़ता है और जब मति भ्रष्ट हो जाती है तो वह सभी को भूल जाता है। आप लोगों की प्रार्थना से मैं सदा ही आप लोगों के साथ मुझे मिले दायित्व की चुनौती को पूरा करनें में सफलता मिलेगी। में आज बादा करता हूं की आप लाोगों के स्नेह व आर्शीवाद से मुझे मिले दायित्व का मैं ईमानदारी व निष्ठा से निर्वाहन करते हुये गाडरवारा का मान पूरे प्रदेश व देश में बढाने में कोई कसर नही छोडूगा। इस दौरान सालीचौका में केबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा दो करोड की लागत से सामुदायिक भवन शादी घर के निर्वाण के लिये घोषणा की गई। इसके बाद केबिनेट मंत्री सालीचौका से बारहाबडा होते हुये चीचली के लिये रवाना हुये जहां पर ग्राम रहमा में भाजपा नेता महेश तिवारी द्वारा स्वागत किया गया। वही ग्राम सूखाखैरी पहुंचने पर पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया सहित अन्य नेताओं द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद पीतल नगरी चीचली पहुंचने पर आभार सभा को संबोधित किया गया। इसके बाद गाडरवारा के लिये रवाना हुये। केबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के गाडरवारा पहुंचने पर उनका जगह जगह भव्य स्वागत किया गया तथा पुरानी गल्ला मंडी में राव उदय प्रताप सिंह द्वारा आभार सभा को संबोधित किया गया।

# क्षेत्र में किसानों के कृषि यंत्र चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में असफल हो रही पुलिस

**हरिभूमि न्यूज/सडूमर।** इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं घटित हो रही है उसके चलते क्षेत्र के लोग लगातार दहशत की स्थिति में तो देखी ही जा रहे है। मगर अब स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि किसानों के खेतों पर रखे हुए कृषि यंत्रों की चोरी की घटनाओं में बढ़ोत्तरी होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्योंकि इस समय पड़ रही बारिश के बीच उमस भरी गर्मी के चलते किसानों को सिंचाई हेतु मुश्किल से ही बिजली मिल पा रही है जिसके चलते किसान अपने खेतों में लगी हुई गन्ने सहित अन्य फसल की सिंचाई करने में किसान लगे हुये है। मगर जब देखा जाता है कि किसान अपने खेतों से थोडी देर के लिए जब अलग होता है तो वहां पर रखे हुए कृषि यंत्रों पर अपने हाथ साफ करने वाले कोई मौका नही छोड़ रहे है जिसके चलते क्षेत्र के किसान दहशत में देखे जा रहे है इस प्रकार से किसानों के कृषि यंत्रों की चोरी की घटनाओं के चलते जहां क्षेत्र के किसानों को आर्थिक क्षति का सामना तो करना ही पड़ रहा है। वही दूसरी ओर उनके कृषि कार्यो में भी काफी व्यवधान पैदा हो रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ ग्राम महगंवा चिर्रिया सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है जहां पर आये दिन किसानों के खेतों में रखे हुये पाईप व अन्य प्रकार के कृषि यंत्र चोरी हो रहे है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि इस समय जिस प्रकार से पलोहा थाना के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में धडल्ले से चल रहे जुआ सट्टा सहित शराब व मादक पदार्थो के अवैध कारोबार का परिणाम ही है कि इस प्रकार से चोरी जैसी घटनाएं आम होती जा रही है? क्योंकि इस भीषण महंगाई के दौर में जब युवाओं को इस प्रकार से नशे की लत लग जाती है और उसे पूरी करने के लिए युवाओं के पास जब धन का आभाव होता है तो वह इस प्रकार से चोरी जैसे कदम उठाते हुए अपनी लत को पूरी करने से नही चूकते है? इस संबंध में लोगों का कहना है कि यदि गांव गांव बिक रही अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लग जावे तो निश्चित ही इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही किसानों के खेतों से लगातार हो रहे कृषियंत्रों की चोरी की शिकायते करने के बाद जब पुलिस संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा कहा जाता है ।

# सरकारी स्कूलों में दिखाई पड़ रहा अव्यवस्थाओं का बोल बाला





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।**

जहां ओर केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में अध्ययन करने वाली छात्र छात्राओं के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि क्षेत्र के अनेक सरकारी स्कूलो में बच्चो की सुविधा और शिक्षा के खुशहाल माहौल को अक्सर नदारत पाये जाते है। क्योंकि क्षेत्र के अधिकांश शासकीय स्कूलों की शिक्षकों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि वहां पर पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाएं अपनी अप डाऊन प्रवृति के चलते जहां न तो समय पर स्कूलों में पहुंचते है और न स्कूल छूटने के समय तक वहां पर मौजूद रहते है। क्योंकि उन्हें आने जाने के वाहन पाने के लिए स्कूलों से जल्दी भागते हुए देखा जाता है। सही मायाने में देखा जावे तो इस स्थिति में वह बच्चों को बीच में ही छोड़कर भागने की फिराक में ही सदा देखे जाते है? वही दूसरी ओर क्षेत्र के कुछ शिक्षकों द्वारा अपने ही गांव की आवास की शालाओं में पदस्थापना पाते हुये वह बच्चों को पढ़ाने की जगह राजनीति से लेकर अन्य कार्यक्रमों की मंचों की शोभा बढ़ाने में मग्न रहते हुये अपने दायित्वों का निर्वाहन कोली यानि की किराये के शिक्षक रखते हुये वैणी की सुरली आवाज निकालते हुये दिखाई देने में पीछे नही है? इस बात की सच्चाई ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्तर से लेकर माध्यम व हाई स्तर के स्कूलों मं आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर शिक्षकों द्वारा किस तरह आने दायित्वों का निर्वाहन किराये के शिक्षकों के भरोसे पूरा करते हुये देखे जा रहे है..? क्योंक इन शिक्षकों के ऊपर एक ही स्कूलों में वर्षो तक पदस्थ रहने से लेकर इनको राजनीति चमकाने के लिये के सक्षम नेताओं का आर्शीवाद प्राप्त होने के कारण यह स्कूली शिक्षक कम तथा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की मंचों की शोभा बढ़ाते हुये अधिक नजर आने से नही चूकते है। इतना ही नही शासन द्वारा स्कूलों में अध्ययन करने वाली बच्चों को जो भोजन की व्यवस्था की गई है उसमें भी अनेक जगहों पर काफी अनियमितताएं देखने मिल रही है? जिसमें बताया जाता है कि बच्चों को भोजन की व्यवस्था करने वाले स्व सहायता समूहो अध्ययनरत बच्चो को अपनी सुविधा के अनुसार अरूचिकर भोजन परोसने में लगे हुये है। जबकि गौर किया जावे तो शासन के द्वारा समूहो के लिए निर्धारित गाईड लाईन मीनू के अनुसार भोजन देने की व्यवस्था बनाये जाने के आदेश दिये गये है, मगर शासकीय स्कूलों में समूहों द्वारा बच्चों को मीनू के हिसाब से भोजन न मिलते हुए मात्र भोजन देने की औपचारिकता ही नजर आ रही है? वही अनेक स्कूलों में तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिली है कि भोजन के बाद बच्चे खुद ही वर्तन साफ करते हुए देखे जाते है? क्योकि समूहों का संचालन कर रहे लोगों में अधिकांश जगह स्थिति यह बनी है कि बच्चो के जूठे बर्तन धोने को कोई तैयार नही है। जब हमारी टीम ने ग्रामीण अंचल के स्कूलो व्यवस्थायें देखी तो अनेक जगहों पर यह आलम देखने मिला जहां भोजन के बाद बच्चे स्कूलों में लगे हुए हेण्ड पंपो पर वर्तन धोते हुए नजर आ रहे है, अब सबाल यह उठता है कि जब बच्चें भोजन के बाद अपने वर्तन धोने में अपना समय खर्च करेगे तो फिर वह पढ़ाई कब कर पायेगे, क्या इस स्थिति में इन मासूमों का भविष्य संभल पायेगा? जबकि बताया जाता है कि शासकीय स्कूलों में हर समूह में दर्ज संख्या के आधार पर खाना बनाने व बच्चो की थॉली धोने के लिए रसोईयो की नियुक्ति शासन के द्वारा की गई है। मगर हाल यह देखा जा रहा है कि बच्चों को खाना खिलाने में होने वाली कमाई का फायदा उठाने के लिए स्कूल आंगनबाडी में समूह संचालन के लिए लोगो की फौज कतार में खडी हुई है, पर बच्चो की खाना की थॉली धोने को छूत समझने वालो की कमी नही है..? इस तरह के उदाहरण क्षेत्र की अनेक शासकीय शिक्षण संस्थाओं में आसानी से देखने मिल सकता है, जहां पर बच्चें भोजन के बाद अपनी थालियों को धोने के लिए मजबूर देखे जा रहे है?

# मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़े रहने वाले बड़े वाहन बन रहे परेशानी का कारण



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस ताह से सड़कों पर यातायात बढ़ रहा है उसके चलते आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात होती चली जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गाडरवारा पिपरिया मार्ग पर जिस प्रकार से बड़े वाहनों की धमाचौकड़ी मची हुई उसके चलते आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते आम लोगों की जान खतरे में पड़ रही है, मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस मार्ग पर सड़क किनारे बने हुए ढ़ाबो पर जिस प्रकार से सड़क किनारे बड़े वाहन खड़े रहते है उसके चलते यातायात प्रभावित तो हो ही रहा है साथ ही साथ आम लोगों की जिन्दगी भी खतरे से खाली नही है? बताया जाता है कि नगर के समीप शांति दूत तिरहा के पास से लेकर कामती की ओर जाने वाले मार्ग पर बडे वाहनों में ट्रक व डम्फर इस प्रकार से खड़े कर दिये जाते है जिसके चलते जब यहां से छोटे वाहनों व स्कूली बच्चों का निकलना होता है तो उन्हें आगे का मार्ग दिखाई ही नही पड़ता है, कुछ इसी प्रकार का हाल इस मार्ग पर कामती व सांईखेड़ा की ओर जाते वक्त रास्ते में पड़ने वाले ढ़ाबों के पास देखा जाता है जहां पर दिन दिन भर इन बड़े वाहन चालको द्वारा अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा करते हुए भोजन करने में लग जाते है और आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए छोड़ दिया जाता है, इस प्रकार से सड़क किनारे खडे होने वाले वाहनों की ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने से लग रहा है कि शायद प्रशासन द्वारा किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार किया जा रहा हो? क्योंकि सड़को के किनारे ढ़ाबाओं का संचालन करने वालो द्वारा अपने स्वार्थ के चलते कारोबार तो किया जा रहा है मगर उनके द्वारा इन वाहनों के पार्किग हेतु कोई उचित व्यवस्था नही बनाई गई है जिसके चलते वाहन चालक सड़क किनारे ही अपने वाहनों को खड़ा करने से नही चूकते है? इस सच्चाई को लेकर प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की जा रही है कि नगर के आमगांव नाका शांतिदूत तिरहा सहित इस मार्ग के ढ़ाबो के सामने सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों पर अंकुश लगाया जावे जिससे किसी बड़ी घटना को घटित होने के पहले रोक लग सके, यदि समय रहते हुए प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

# बीपीएमयू से संबंधित बैठक में दिये अनेक दिशा निर्देश



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

जनपद पंचायत साईंखेड़ा के जनपद शिक्षा केंद्र में बीते हुये दिवस विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में एफएलएन कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा एफएलएन सम्बंधित उपलब्धि डाटा को प्रदर्शित किया गया। वही बैठक में बीआरसी गिरीश पटैल द्वारा कक्षा पहली, दूसरी व कक्षा तीसरी की एफएलएन कार्यक्रम में होने वाली मॉनिटरिंग तथा जनवरी में होने वाले मिडलाइन टेस्ट, एफएलएन के लक्ष्य, आवधिक आँकलन, स्वयं सिद्धि चैट के माध्यम से प्रश्नोत्तरी हल कराना, टैबलेट एवं स्मार्ट क्लास का बहुउद्देशीय उपयोग, टीएलएम की उपयोगिता, निदानात्मक कक्षाओं के संचालन पर विस्तृत सुझाव दिए गए। इसी प्रकार से बीएसी संदीप स्थापक द्वारा वार्षिक कार्य योजना, पीएम पोषण आहार संबंधित दैनिक एवं मासिक आईवीआरएस मैसेज, यू डाइस प्रोफाइल अपडेशन, विद्यांजलि पोर्टल, चैंपियंस शिक्षक संबंधित विस्तृत निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में बीएसी योगेन्द्र झारिया, मनीराम मेहरा एवं पवन राजौरिया ने साइकिल पात्र अपात्र समीक्षा, गणवेश ऑन लाइन प्रविष्टि सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक मे सभी जनशिक्षकों एवं एमआईएस वेद प्रकाश राजपूत ने अपनी सहभागिता दी गई तो इस बैठक का आयोजन राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन एवं जिला परियोजना समन्वयक आर पी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में हुआ।

## खबर संक्षेप



### नहाने दौरान पैर फिसलने से कुआं में गिरकर वृद्धा की मौत

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत बर्री गांव में गुरुवार की दोपहर 11 बजे घर के पीछे स्थित कुआं में नहाने गई 60 वर्षीय वृद्धा दुवशिया पति लालमन बैगा की कुआं के पास नहाते के लिये पानी खींचते समय पैर फिसलने से कुआं के अंदर गिरकर पानी में जाने डूब जाने से मौत हो गई। घटना की जानकारी पर कोतवाली अनूपपुर के सहायक उपनिरीक्षक नागेश सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच प्रारंभ की तथा जिला चिकित्सालय अनूपपुर में मृतिका के शव का ड्यूटी डॉक्टर से पी,एम,कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा गया।

### निर्धारित अवधि में उत्तर दिए जाने अधिकारियों को जारी किए दिशा निर्देश

**अनूपपुर।** सांसद सदस्यों एवं विधायकों के पत्रों, निर्देशित शिष्टाचार का पालन तथा शासकीय कार्यक्रमों में आमंत्रित करने के संबंध में मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के द्वारा जारी दिशानिर्देश का पालन सभी अधिकारियों को किए जाने के संबंध में संयुक्त कलेक्टर डी.के. पाण्डेय ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने सांसद तथा विधायक के पत्रों के पावती देने, उनके पत्रों पर कार्यवाही कर निर्धारित अवधि में उनका उत्तर देने, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने एवं उन्हें सार्वजनिक समारोह, कार्यक्रमों में आमंत्रित करने तथा उनसे प्राप्त पत्रों के लिए पृथक पंजी संधारित करने तथा शिष्टाचार का पालन करने के संबंध में जारी शासन निर्देशों का पालन करने के संबंध में निर्देश दिए।

### स्व-सहायता भवन पुष्पराजगढ़ में दिव्यांग शिविर सम्पन्न



**अनूपपुर।** गुरूवार को स्व-सहायता भवन पुष्पराजगढ़ में एलिम्को जबलपुर द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए चिन्हांकन शिविर तथा जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा नवीन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिकल बोर्ड से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने हेतु 290 दिव्यांग जनों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 82 दिव्यांग जनों का 40 प्रतिशत से अधिक एवं 45 दिव्यांग जनों का 40 प्रतिशत से कम का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया। एलिम्को द्वारा कुल 83 दिव्यांग जनों का परीक्षण किया गया, जिसमें से 8 दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु चिन्हित किया गया।

### ग्रामीणों के घर, खेत, खलिहान को निशाना बना रहा हाथी

**अनूपपुर।** विगत 12 दिनों पूर्व जिले में छत्तीसगढ़ राज्य को सीमा लागते हुए फिर से एक दो दांत वाला नर हाथी पहुंचकर निरंतर विचरण कर रहा है। यह हाथी विगत दो दिनों के मध्य दिन में जंगल में विश्राम करने बाद शाम-रात को जंगल के किनारे एवं पास मे स्थित ग्रामीण अंचल गोबरी, टेंगरहा, कछराटोला, पगना, बेलिया, बांका ग्राम कांसा के टिकरीटोला, तिरंगाटोला आदि मे विचरण करते हुए ग्रामीण के घरों, खेतों एवं खलिहानों में रखे विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बनाते हुए बुधवार की सुबह फिर से वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दुधमनिया बीट अंतर्गत पगना गांव के नजदीक जामुनगडई जंगल में जाकर विश्राम कर रहा है। एक हाथी के विचरण दौरान हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण जन अचानक हाथी को आते देखकर, भाग कर, पक्के घरों में रहकर अपनी जान बचाई वही बीच गांव व मोहल्ला में हाथी के प्रवेश को रोकने के लिए ग्रामीण जन ट्रैक्टर, ढोल-मजीरा, मशाल के माध्यम से भागने का प्रयास किया। इस दौरान बीच-बीच में यह हाथी ग्रामीण जनों को भी दौड़ाता रहा है।

---

**गुरुवार को शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षा विभाग के बीच बैठक रहा बेनतीजा**

# नया भवन बनने तक झोपड़ी में ही संचालित होगा प्राथमिक स्कूल

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** विकास खंड मेंहदवानी के ग्राम जरहा नैझर के मठिया टोला में प्राथमिक शाला भवन जर्जर होने के कारण विगत दो वर्षों से स्कूल एक झोपड़ी में संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद गुरुवार को शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी मठिया टोला पहुंचे और शाला प्रबंधन समिति, जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासियों के साथ बैठक रखा गया। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मठिया टोला में प्राथमिक शाला भवन


हरिभूमि
शिक्षा समिति के सभापति के गांव में झोपड़ी में संचालित हो रहा प्राथमिक शाला

निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुका है और राशि आते ही शाला भवन निर्माण शुरू हो जाएगा तब तक माध्यमिक शाला जरहा नैझर के पास रिक्त पड़े वनवासी प्राथमिक शाला भवन में स्कूल संचालित कराया जाए जिससे छोटे छोटे बच्चों को कष्ट न हो और उन्हें सुख सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इस पर अविभावकों एवं ग्राम वासियों ने दूरी अधिक होने के कारण मठिया टोला में ही शाला संचालन किए जाने की जिद पर अड़े रहे। वहीं ग्रामवासियों के द्वारा प्राथमिक शाला मठिया टोला को एकीकृत किए जाने की शंका भी जाहिर करते हुए रिक्त पड़े वनवासी प्राथमिक शाला भवन में स्कूल संचालित किए जाने को मना कर दिया गया। शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी बैठक बेनतीजा होने के बाद पंचनामा की कार्यवाही कर बैरंग वापस लौट गए। ग्रामीणों की मानें तो ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से शाला भवन जल्दी बनवाने को लेकर जान बूझकर झोपड़ी में स्कूल संचालित कराया जा रहा है जिससे शाला भवन का निर्माण जल्दी से जल्दी कराया जा सके।

बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यगण, जनपद पंचायत मेंहदवानी के स्थाई शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्रीमती सुषमा धुर्वे, सरपंच मातु सिंह मरावी, बीआरसी संतोष कुमार ठाकुर, बीएसी एम एस तेकाम, बीएसी आनंद दुबे, बीएसी हनीफ खान, जनशिक्षक विद्यासागर साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

गुरुवार को हमने मठिया टोला जाकर शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों के साथ बैठक कर नया शाला भवन बनने तक अन्य स्थान पर शाला संचालन करने का प्रस्ताव रखा परन्तु ग्रामवासियों द्वारा कहीं और विद्यालय लगाने से मना कर दिया गया और नया शाला भवन बनने तक झोपड़ी में ही स्कूल संचालित किए जाने की जिद पर अड़े हुए हैं।

**-संतोष कुमार ठाकुर बीआरसी जनपद**

## आबकारी विभाग के द्वारा अवैध शराब के 4 प्रकरण कायम

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार दिनांक 27 दिसंबर 2023 को आबकारी विभाग वृत्त डिंडोरी में अवैध शराब रखने व बिक्री संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश कर कार्यवाई किया गया। जिसमे आरोपी धनिया वनवासी पति रोशन ग्राम जमुनिया थाना डिंडोरी के घर के आंगन से 8 लीटर हाथभट्टी कच्ची अवैध शराब बरामद, गिरजा वनवासी पति गोलू ग्राम जमुनिया थाना डिंडोरी के घर के आंगन से 7 लीटर हाथभट्टी कच्ची अवैध शराब बरामद, कविता पति गणेश ग्राम वार्ड नंबर 15 डिंडोरी थाना डिंडोरी के रिहायशी मकान से 10



लीटर हाथभट्टी कच्ची अवैध शराब, भीम नामदेव पिता भोला प्रसाद ग्राम वार्ड नंबर 15 डिंडोरी थाना डिंडोरी के रिहायशी मकान से 10 लीटर हाथभट्टी कच्ची अवैध शराब जप्त किया गया।इस प्रकार पंजीबद्ध कुल 4 प्रकरण में जप्त कुल 31 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त हुई जिसकी अनुमानित कीमत 6200 रुपए है, उक्त सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) 'क' तहत पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी एम. आर. उइके के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे आबकारी आरक्षक रामभरोस ठाकुर, छिद्दी लाल झरिया, मनीष उईके, खुशबू ब्रहमे, करिश्मा सलामे और नगर सैनिक तोक सिंह मरावी और अशोक सैयाम मौजूद रहे।

## नायब तहसीलदार ने धान खरीदी केंद्र कठौतिया का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** नायब तहसीलदार सुखमन सिंह कुलेश ने गुरुवार को धान खरीदी केंद्र मेंहदवानी एवं कठौतिया का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार ने धान की गुणवत्ता देखी एवं अभी तक खरीदी गई कुल धान की जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पटवारी सोहन श्याम एवं पटवारी राजू साहू मौजूद रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर ने मनाया पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर में महेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में 28 दिसंबर को 1 बजे बैठक आयोजित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना दिवस आज ही के दिन 28 दिसंबर में ए.ओ. ह्यूम द्वारा की गई थी। जिस संस्था द्वारा देश की आजादी में अहम भूमिका निभाते हुए देश की आजादी से लगातार देशहित एवं जनहित में निरंतर अपना योगदान दे रही हैं और सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से पार्टी अपने उद्देश्य पर सफल हो रही हैं। अध्यक्ष के अलावा राय सिंह मरकाम ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस, केवल कृष्ण नेटी ब्लॉक अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। बैठक में प्रमुख रूप से संदीप शाह परस्ते मंडल अध्यक्ष, राम सिंह मरावी, देव सिंह भारती ब्लॉक अध्यक्ष सोशल मीडिया विभाग, लियाकत अली, प्रदीप बनवासी महामंत्री, इंद्र सिंह परस्ते सेक्टर अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यालय शहपुरा में मनाया गया कांग्रेस स्थापना दिवस

**कांग्रेस कार्यकर्ता रहे मौजूद**



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा नगर में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया. 139 वे स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एकत्र होकर सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी के चित्र पर तिलक वंदन किया गया इसके बाद वक्ताओं ने पार्टी के बारे में देश के प्रति पार्टी के योगदान को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए एवं इस बात पर निर्णय लिया गया कि हमे कांग्रेस की रीति नीति विचारधारा को जन जन तक पहुंचना है और मजबूत करना है आने वाले समय में लोकसभा चुनाव को देखते हुए हमे मजबूत होकर चुनाव लड़ना है कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय राय जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष सुश्री कृष्णा उरैती पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अमित कछवाहा वरिष्ठ नेता दिलीप रजक युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष श्री राम साहू चिंतामणि साहू नत्थू झरिया इकबाल खान फरीद खान मनीष साहू मंडल अध्यक्ष भूपत साहू मंडल अध्यक्ष रोहित कछवाहा अध्यक्ष चेतन तिवारी दीपक अग्रवाल सुशील गुप्ता मोनिश राय प्रभात झरिया एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से की मुलाकात





**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** भारतीय किसान संघ डिंडौरी के जिला अध्यक्ष बिहारी लाल साहू व जिला मंत्री एडवोकेट निर्मल कुमार साहू के नेतृत्व में किसानों ने शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से स्थानीय रेस्ट हाउस में मुलाकात की। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से मुलाकात के दौरान किसानों ने बताया कि बरगांव के धान खरीदी केंद्र में उन्होंने अपनी धान बेची है लेकिन उसका पैसा अभी तक किसानों के खातों में नहीं पहुंच पाया है। साथ ही जिले के अधिकारी किसानों के साथ पक्षपात एवं भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहे हैं। वहीं शहपुरा एसडीएम निशा नापित शर्मा के द्वारा बरगांव में किसानों के द्वारा किए गए चक्का जाम को लेकर किसानों के ऊपर एफआईआर दर्ज करने के लिए थाना प्रभारी को पत्र लिखा है। इस मुद्दे को लेकर किसानों ने विधायक से बात करते हुए कहा कि प्रशासन के द्वारा किसानों के साथ तानाशाही की जा रही है और भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। इस पर किसानों को शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने आश्वासन देते हुए कहा कि ऐसी किसी भी तरह की कोई कार्रवाई किसानों के ऊपर नहीं होगी इसकी जवाबदारी मैं लेता हूं। शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से मुलाकात के दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, जिला मंत्री एडवोकेट निर्मल कुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी भीमशंकर साहू , तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्या, एडवोकेट लवकुश झारिया, बरगांव ग्राम समिति अध्यक्ष भूपत लाल साहू, सदस्य रवि साहू, बलराम साहू, यतेन्द्र साहू, नरेश साहू, शारदा नामदेव, जगदीश दादा, उदय सिंह, सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# सेवा दल के 100वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

## त्याग, तपस्या और बलिदान कांग्रेस का सबसे बड़ा शस्त्र : फुंदेलाल

**अनूपपुर।**

इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के 139वां स्थापना दिवस एवं कांग्रेस सेवा दल के 100वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस सेवा दल ने अनूपपुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर सेवा दल की स्थापना दिवस को शताब्दी वर्ष स्थापना दिवस (दल दिवस) के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ध्वज वंदन कार्यक्रम, सर्वधर्म प्रार्थना सभा, कांग्रेस संस्थापक को एवं सेवा दल संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व एवं कांग्रेस पार्टी व सेवादल संगठन पर गोष्टी आहुति की गई। पुष्पराजगढ़ विधानसभा से तीसरी बार विधायक निर्वाचित होने पर फुंदेलाल सिंह मार्को का शाल वा श्रीफल से सम्मान किया गया। मिष्ठान वितरण कर, पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया गया। कई कांग्रेस जनों का इस अवसर पर सम्मान किया गया। कोतमा एवं अनूपपुर विधानसभा में कांग्रेस की पराजय की समीक्षा की गई। पार्टी के मजबूती के लिए पराजय की पीड़ा से उभर कर कांग्रेस को मजबूत बनाने पर चर्चा एवं कई सुझाव प्रस्तुत किए गए।पार्टी में महिलाओं की आधिका अधिकाधिक भागीदारी, महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। मिशन 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने की एवं जीत सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। जिले की सभी संघटनात्मक ब्लॉक इकाइयों में एक दिवसीय



कार्यकर्ता सम्मेलन,विशेष चुनाव प्रशिक्षण शिविर (कार्यशाला) लगाकर कार्यकर्ता प्रशिक्षित करने पर विचार किया गया। इस अवसर पर पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि कांग्रेस के महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर जिस तरह देश को आजाद कराने में अपनी भूमिका निभाई थी। इसी तरह कांग्रेस को फिर से केंद्र में सत्तासीन बनाने के लिए मेहनत करना चाहिए। कांग्रेस के महापुरुषों के हम ऋणी है कि उनके त्याग एवं बलिदान के कारण ही देश स्वाधीन हुआ। हमें लोकतंत्र मिला। कांग्रेस ने देश को सजाने संभालने का काम किया।कांग्रेस की इन विषम परिस्थितियों में एकजुट रहना होगा। त्याग, तपस्या और बलिदान कांग्रेस का सबसे बड़ा शस्त्र है। हताशा से हमें ऊपर उठकर बुलंद हौसलों के साथ आगे बढ़ना होगा।हर संघर्ष में मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा। लोकसभा की चुनौतियों के लिए हमें तैयार रहना होगा अभी से तैयारी करें मेरी जीत सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। कांग्रेस पार्टी एवं सेवा दल के स्थापना दिवस पर केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह ने संगठन में महिलाओं को 50 प्रतिशत भागीदारी के लिए काम करने पर जोर दिया। भाजपा के झूठे वादों को जनता के सामने लाकर संघर्ष करना होगा। 450 रुपए में गैस सिलेंडर 3100 रुपए में धान खरीदी, 3000 रुपए महिलाओं को सम्मान निधि दिलाए जाने पर संघर्ष करेंगे सड़कों पर उतरकर आंदोलन धरना प्रदर्शन करेंगे।

## शिकायत के बाद लापरवाह छात्रावास अधीक्षक हुआ पद से पृथक

**फर्जी बिल आहरण समेत छात्रों के शोषण की हुई थी शिकायत**

**अनूपपुर।**

शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास चोलना के छात्रो को भरपेट भोजन नही देने तथा भोजन में रोटी नही देने तथा मांगने पर घर चले जाने की धमकी दिए जाने के साथ ही 50 बच्चों की उपस्थिति लगाकर फर्जी बिल आहरण करने, रसोई व शौचालय की साफ-सफाई नही होने की शिकायत पर शासकीय उ.मा. विद्यालय के प्राचार्य के प्रतिवेदन पर सहायक आयुक्त ने सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास अधीक्षक सतनू राठौर को पद से पृथक करते हुए शासकीय उमा. विद्यालय चोलना में शैक्षणिक कार्य किए जाने हेतु आदेशित किया है। जानकारी के अनुसार 19 दिसम्बार को जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर के क्षेत्र संयोजक एस.के. बाजपेयी एवं सहायक आयुक्तए जनजातीय विभाग अनूपपुर द्वारा संयुक्त रूप से आदिवासी बालक छात्रावास चोलना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 50 छात्र ऑन बोर्ड पाये गए किन्तु 18 छात्र ही उपस्थित रहे। छात्रो से चर्चा करने पर बताया कि हमेशा पूरे छात्र उपस्थित नही रहते है। मात्र 18-19 छात्र ही उपस्थित रहते है। भोजन मीनू अनुसार नही दिया जाता है। दाल, चावल सब्जी मात्र हर रोज दिया जाता है, रोटी के साथ विशेष भोजन नही दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि छात्रावास में कोई भी व्यवस्थाएं नही है और ना ही अधीक्षक छात्रावास में निवास करते है। अधीक्षक द्वारा छात्रावास की व्यवस्थाओं में कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। शासन के निर्देशों का पालन न किया जाना एवं पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही पाई गई। जिस पर सहायक आयुक्त जनजातीय विभाग अनूपपुर ने सतनू राठौर माध्यमिक शिक्षक (अधीक्षक) को आदिवासी बालक छात्रावास चोलना के अधीक्षक पद से पृथक करते हुये शा.उ.मा.वि.बालक चोलना में शैक्षणिक कार्य किये जाने हेतु आदेश दियाहैं। तथा छात्रावास संचालन के लिए माध्यमिक शिक्षक, शासकीय माध्यमिक विद्यालय चोई गीतराम केवट को छात्रावास चोलना के अधीक्षक का प्रभार दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### दिव्या का उप पुलिस अधीक्षक के पद चयन



**नरसिंहपुर ।** नगर निवासी दिव्या झारिया का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा 2019 के परिणाम में उप पुलिस अधीक्षक पद के लिए चयन हुआ है यह सफलता उन्हें अपने प्रथम प्रयास में ही प्राप्त हुई है। इसके पूर्व दिव्या झारिया का चयन वाणिज्य कर निरीक्षक के रूप में हो गया था यह उनका दूसरा प्रयास था दिव्या झारिया स्व. सुनील झारिया एवं शिक्षा विभाग में कार्यरत श्रीमती विधि झारिया की द्वितीय पुत्री हैं। दिव्या के पति आदित्य तिवारी भी 5 वर्षों से उप पुलिस अधीक्षक के पद पर हैं जो वर्तमान में हॉक फोर्स बालाघाट में पदस्थ हैं। उनके निरंतर मार्गदर्शन में दिव्या ने अपनी तैयारी में दिव्या ने सफलता हासिल की तथा उनके शुभचिंतको द्वारा शुभकामनायें प्रेषित की है ।

### पेंशनर सम्मान समारोह का आयोजन



**नरसिंहपुर ।** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा नरसिंहपुर में पेंशनर सम्मान समारोह शेलेंद्र राय ब्रांच मैनेजर की अध्यक्षता में, एस, के, चतुवेर्दी कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मप्र पेंशनर्स समाज के मुख्य आतिथ्य में, शिवकुमार पटेल कार्यवाहक जिला अध्यक्ष मप्र पेंशनर्स समाज नरसिंहपुर के विशिष्ठ आतिथ्य में अयोजित किया गया। ब्रांच मैनेजर द्वारा सभी उपस्थित पेंशनर साथियों का सम्मान किया, एवं अपने उद्बोधन में बैंक द्वारा पेंशनर हित में किए जा रहे कार्यक्रमो एवं सुविधाओ पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बैंक द्वारा पेंशनर हित में किए जा रहे प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की, विशिष्ठ अतिथि द्वारा उपस्थित साथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विजय दुबे, घनश्याम कुरील, स्त्यपाल खरे, कमलेश जाट, रामसिंह जाट, रामनिवास उपमन्यु,त्रिलोक जाट सर्वेश तिवारी, के, के, दुबे, शोभराज, रमेश साहू नरेंद्र सराठे सहित अनेक वरिष्ठ पेंशनर एवं मातृ शक्ति की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### संकल्प यात्रा पर व्याख्यानमाला आयोजित



**नरसिंहपुर ।** मध्य प्रदेश शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार उच्च शिक्षा संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में विकसित भारत 2047 संकल्प यात्रा के तहत वाणिज्य विभाग द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 के संबंध में जानकारी देते हुए सहा. प्रा. सुश्री रवीना हरियाणी के द्वारा वर्तमान आयकर एवं जी.एस.टी. पर उद्बोधन दिया गया । सहायक प्राध्यापक सुश्री प्रिया राजपूत के द्वारा स्वरोजगार विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। सहा. प्रा. शिशिर मिश्रा द्वारा साइबर क्राइम, कला कौशल व्यक्तित्व विकास पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उक्त अवसर पर छात्रा शिवानी सोनी ने महिला सशक्तिकरण, विकसित राष्ट्र, छात्र आर्यन प्रजापति ने विद्युत व्यवस्था, जल व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था, छात्र अनिल भलावी ने विकसित भारत, डिजिटल तकनीक के विषय में विचार रखे। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष जी. डी. उमरे, नीलेश सोनी, मानसी जैन एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

### मेला समिति की बैठक कल

**तेंदूखेड़ा-** प्रति वर्ष अनुसार मकर संक्रांति 14जनवरी से लगने वाले भगवान ब्रम्हा की तपस्थली पुण्य सलिला मां नर्मदा के किनारे ब्रम्हांड घाट में मेले की तैयारियों को लेकर कल 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे से विश्राम गृह बरमान में बैठक आयोजित की गई है। पूर्व मे यह बैठक 29 दिसंबर को रखी जानी थी लेकिन यह बैठक अब कल 30 दिसंबर शनिवार को आयोजित की गई है।

# मणिनागेंद्र सिंह मोनू पटेल की फाउंडेशन द्वारा आयोजन

## 351 युवाओं ने स्मृति में किया रक्तदान, शिविर सम्पन्न

### केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

गत दिवस स्वर्गीय मणिनागेन्द्र सिंह मोनू पटेल के जन्मदिन पर गोटेगांव में एक विशाल रक्तदान और परीक्षण शिविर का आयोजन मोनू भैया मित्र मंडली एवं मणिनागेंद्र सिंह फाऊंडेशन के नेतृत्व में नगर के युवक-युवतियों ने विशाल रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।







**नरसिंहपुर ।**

इसमें तकरीबन 351 रक्तदान, 251 लिपिक परीक्षण एवं 151 ने रक्त परीक्षण कराया युवक-युवतियों ने रक्तदान कर कहा कि इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य दुनिया में नहीं हो सकता है। नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव की पृष्ठभूमि को तो आप जानते ही हैं। यहां से बीजेपी के 2 बड़े लीडर आते हैं जिनमें एक पूर्व केंद्रीय मंत्री नरसिंहपुर विधायक कैबिनेट मंत्री प्रहलाद प्रहलाद सिंह पटेल और दूसरे उनके छोटे भाई पूर्व राज्यमंत्री पूर्व नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल हैं । उन्हीं की प्रेरणा से मोनू भैया मित्र मंडली ने जो स्वर्गीय मोनू भैया की जन्म जयंती 28 दिसंबर पर एक विशाल ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया।

### युवक -युवतियों ने बड़ी संख्या में किया रक्तदान

गोटेगांव के युवक और युवतियों ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में तकरीबन 351 युवक और युवतियों ने रक्तदान कर इतिहार रचा। रक्तदान करने वाले युवक और युवतियों ने कहा कि दुनिया रक्तदान से बड़ा कोई भी पुण्य कार्य नहीं हो सकता है। इस संबंध में जब मोनू भैया मित्र मंडली से पूछा गया कि वह मोनू भैया का जन्मदिन धूमधाम से मना सकते थे तो उन्होंने कहा कि हम लोग मोनू भैया की प्रेरणा से आगे बढ़ रहे हैं ब्लड डोनेशन कैंप का सिर्फ एक ही मकसद है कि जो भी व्यक्ति ब्लड की कमी के कारण इस दुनिया से अलविदा कह जाते हैं ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों को हम ब्लड मुहैया करा पाएं ताकि उनके जीवन में भी खुशहाली आ सके और उनके प्राण बच सकें। चूंकि आज यशस्वी स्व मणिनागेंद्र सिंह मोनू पटेल जी का जन्मदिन था जिसको लेकर हमारे द्वारा एक विशाल ब्लड डोनेटशन कैंप का आयोजन किया गया।

### कोरोना के संकट काल में की मदद

मोनू भैया मित्र मंडली ने आगे कहा कि हमारी तरफ से यह पहला कैंप नहीं है मोनू भैया के मार्गदर्शन में इसके पहले हमने कई ब्ल्ड डोनेशन कैंपों का आयोजन किया है। लोगों ने बताया कि यह वह स्व समाजसेवी और युवा नेता रहे जिसने कोरोना के संकट काल में कोरोना वारियर का काम किया था, उस समय स्व.मोनू पटेल के द्वारा नरसिंहपुर जिले में जगह-जगह पर ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंटेनर और अपने निजी पैसों से जबलपुर के एक निजी अस्पताल में अति गंभीर कोरोना पेशेंट को अपने खर्चे पर भर्ती कराया था, जब स्व मोनू भैया कोरोना पीड़तों के लिए काम कर रहे थे उस दौरान मोनू के घर में सभी लोगों को कोरोना हो गया था उसके बाद मोनू भी कोरोना की चपेट में आ गए थे, लेकिन साथियों के द्वारा लगातार काम किए गए।

### कार्यो से बनाई थी अपनी पहचान

स्व. मोनू पटेल ने लगातार मां नर्मदा की साफ सफाई का अभियान, खेल को बढ़ावा देने, गोटेगांव में बड़े स्तर पर नेशनल कबड्डी का टूनार्मेंट, नशा मुक्ति अभियान, स्कूल और कॉलेज में पढने वाले छात्रों की मदद, गरीबों की मदद, ऐसे कई उन्होंने अपने जीवन में किये समूचे गोटगांव में स्व युवा नेता मोनू पटेल किसी परिचय के मोहताज नहीं थें। ना ही किसी कौ अपनी पहचान बताने की जरूरत नही थी वह हर गरीब के दिलो मे बसते थे ।

### केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह ने मोनू पटेल को दी श्रद्धांजलि

माहा रक्तदान शिविर के इस आयोजन में क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते गोटेगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने स्वर्गीय मणिनागेंद्र सिंह मोनू पटेल की जन्म जयंती पर उन्हें याद करके श्रद्धांजलि अर्पित की वहीं उन्होंने मोनू द्वारा किए जनहित के कार्य को आगे बढ़ाने की बात पर चर्चा करते हुए क्षेत्र वासियों को प्रेरित किया।

# शासन की योजनाओं का मिल रहा है लोगों को लाभ : कुलस्ते




**नरसिंहपुर ।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा 28 दिसंबर को जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत देवनगर एवं राजाकछार पहुंची। यहां स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते एवं विधायक महेन्द्र नागेश ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री कुलस्ते ने कहा कि सरकार द्वारा सभी वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे योजनाओं को समझें और लाभ लेते हुए विकास की मुख्य धारा से जुड़ें। श्री कुलस्ते ने कहा कि भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। विधायक महेन्द्र नागेश ने कहा कि इस मात्र के माध्यम से भारत को वर्ष 2047 तक विकसित करने का संकल्प किया जा रहा है। इसमें सभी की सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यहां उपस्थित ग्रामीणजनों से आव्हान किया कि छूटे हुए पात्र हितग्राही को भी शासन की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने यहां केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। विदित है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होगा।



# राज्य स्तर पर प्रदर्शन हेतु तैयारकर सौंपी वार्षिक कार्य योजना

**नरसिंहपुर ।**

गत दिवस जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर अंतर्गत एम एल बी एवं रोसरा जनशिक्षा केंद्र की वार्षिक कार्य योजना 2024-25 तैयार कर जनशिक्षक एच पी कोरी , राजकुमार काछी ,आर पी शर्मा एवं संजय मेहरा ने बीआरसी ओ पी राय को सौंपी । उल्लेखनीय है कि आर पी चतुवेर्दी जिला परियोजना समन्वयक एवं यजुवेंद्र सिलावट एपीसी अकादमिक के निर्देशन एवं शरद यादव के मार्गदर्शन में वर्तमान सत्र में उपलब्ध सुविधाओं की उपयोगिता विगत सत्र की उपलब्धि और आगामी सत्र के लिए विविध आवश्यकताओं का समावेश करते हुए उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रस्तावित नवाचार के साथ जनशिक्षा केंद्र एम एल बी,रोसरा तथा शाला स्तर की माध्यमिक शाला रानीपिपरिया की वार्षिक कार्य योजना राज्य स्तर पर प्रदर्शन के लिए चयनित की गई है । इस अवसर पर बीआरसी ओ पी राय, बी ए सी आर एस ठाकुर, नीरज बाजपेयी ब्रजेश नेमा, मनीष कटारे एवं ओ पी मेहरा (एम आई एस ) ने तैयारकर्ता टीम की लगन एवं मेहनत की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं ।

# अपात्र द्वारा लाड़ली बहना योजना लाभ लेने वालों पर कार्रवाई की मांग

**नरसिंहपुर ।**

कुछ माह पूर्व मप्र शासन द्वारा महिलाओं की समृद्धि हेतु लाड़ली बहना योजना लागू की गई है। इस योजना हेतु कुछ मापदंड भी मप्र शासन द्वारा बनाए गए हैं। जिसके अन्तर्गत आने वाली महिलाओं को ही योजना का लाभ दिया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद भी कुछ महिलाओं द्वारा इन मापदण्डों को दरकिनार करते हुए योजना का अबैध रूप से लाभ दिया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला उजागर हुआ है। जिसमे एक महिला ऐसे परिवार से है जिसके पास उक्त योजना में निर्धारित मापदंड से अधिक जमीन है, 4व्हीलर, जेसीबी मशीन है, समग्र आईडी में पेंशनर सदस्य का भी नाम मौजूद हैं। उक्त बड़ी विसंगतियों के बाबजूद भी उक्त महिला को लाड़ली बहना योजना का लाभ कैसे मिल रहा है। यह गम्भीर आपराधिक चूक है जो कि जाँच का विषय है। इस सम्बंध में मंगलवार को जिला मुख्यालय में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को लाड़ली बहना योजना का अपात्र होने के बाबजूद लाभ लेने को लेकर विधिसंबंत कार्यवाही करते हुये अपराध पंजीबंद्व करवाने संबंधी वावत ज्ञापन राज्यपाल ,मुख्यमंत्री को जागरूक पत्रकार संजय मेहरा, गोविंद पटेल ,भागीरथ तिवारी , गोविंद चौरसिया, अतुल नेमा , राम रत्न शर्मा आदि ने पुख्ता प्रमाणों सहित ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन मे कहा कि मप्र की महिलाओं को जनहितैषी योजना मुख्यमंत्री लाड़ली बहिना योजना का लाभ अपात्र होते हुये भी लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहिना योजना का लाभ डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड करेली के निवासी सेना सेवा निवृत्त आधिकारी पेशनभोगी डॉ. टी. एस. चोहान की पुत्रवधू श्रीमति स्वागत चोहान द्वारा लिया जा रहा है। जिनका आवेदन क्रमांक 22961663 है पंजीयन दिनॉक 30.04.2023 को हुआ था जिनकी परिवार आईडी 28656289 एवं सदस्य आईडी 135328793 है। आपसे आग्रह है कि निम्न बिन्दुओं पर जांच कर कार्यवाही की जावे। सेवानिवृत्त सेना के अधिकारी पेशनभोगी डॉ टी. एस. चोहान के नाम से करेली जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बघुवार में 5 एकड से ज्यादा जमीन होने के बाबजूद यह अपनी पुत्रवधू स्वागत चैहान को नियम विरूद्ध मुख्यमंत्री लाड़ली बहिना योजना का लाभ दिला रहे है जो कि नियम विरूध है इनकी जमीन की जांच कर कार्यवाही हो। डॉ टी. एस. चैहान के नाम से चार पहिया वाहन (अल्टो कार) रजि. क्रमांक एम पी 49 बी 2294 है यह भी इस योजना के लाभ के लिये अपात्रता की श्रेणी में आती है। श्रीमति स्वागत चोहान के पति रजत चोहान के नाम से जे सी बी मशीन है जिसका रजि. क्रमांक एम पी 49 डी 1066 है यह भी इस योजना के लाभ के लिये अपात्रता की श्रेणी में आती है डॉ. टी. एस चौहान व इनके पुत्र रजत चोहान के द्वारा भी करेली के डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में चर्च की जमीन पर भी नियम विरूध क्रेय कर 20 से 25 किरायेदारों को रखा गया है। चर्च की जमीन की क्रय को लेकर सुक्षमता से जांच कर विधिसंबंत कार्यवाही हो गाडरवारा तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरमान खुर्द के रेत घाट पर भी जमीन पर भी अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर लिया गया है इस पक्के निर्माण को लेकर भी सुक्षमता से जांच कर कार्यवाही करने की कृपा करें। सनातन मंदिर समिति की जमीन पर भी अतिक्रमण कर पक्का निर्माण किया गया है इस पक्के निर्माण का कुछ भाग तत्कालीन कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देश पर तोडा गया था श्री सिंह के द्वारा जब यह कार्यवाही की जा रही थी तो यह उच्च न्यायालय से स्टे लेकर आये थे। राममंदिर सनातन मंदिर समिति की भूमि पर किये गये अतिक्रमण की सुक्षमता से भी जांच कर कार्यवाही की जावे। अतः आपसे निवेदन है कि आप बिना पक्षपात के उक्त बिन्दुओं पर जांच कर कार्यवाही करते हुये अपराध पंजीबद्व कराने की कृपा करें। लाडली बहना योजना 2.0 की पात्रता हेतु महिला मध्य प्रदेश की मूल निवासी होनी चाहिए। विवाहित महिला हो इसके अंतर्गत तलाकशुदा, विधवा और परित्यक्ता महिला भी सम्मिलित होंगे। महिला किसी भी जाति वर्ग की हो चाहे वह अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जनजाति चाहे सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग की हो सकती है। लाडली बहना योजना में आवेदन करने वाली महिला की पात्रता मापदंडों के अनुसार उम्र 21 वर्ष से लेकर 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। महिला व उसके परिवार की सम्मिलित रूप से वार्षिक आय ढाई लाख से अधिक नही होना चाहिए। महिला या उसके परिवार में किसी प्रकार के कार जीप या अन्य 4व्हीलर वाहन (ट्रैक्टर छोड़कर) नहीं होना चाहिए। महिला व परिवार में 5 एकड़ से अधिक भूमि नही होनी चाहिए। इस योजना के अंतर्गत वही महिलाएं पात्र होगी जो उक्त मापदंडों को पूरा करती हों। अन्यथा की स्थिति में अपात्र मानी जायेगी व जानबूझकर अनुचित लाभ लेने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही के प्रावधान भी निर्धारित किए गए हैं।

### युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर ।** गत दिवस युवक द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लाल सिंह पिता जीवन लाल पाल उम्र 35 वर्ष निवासी पिठेहरा थाना सुआतला द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।



## स्वतंत्रता आंदोलन में जिले का अग्रणी’

# गौरव दिवस पर बोले विधायक

**तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा नगर गौरव दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे तेंदूखेड़ा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने स्वतंत्रता सेनानियों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए स्पष्ट किया कि स्वतंत्रता आंदोलन में जिले का महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस क्षेत्र के स्वतंत्रता वीरों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है चरित्र निर्माण की दिशा में काम किया है। राजनैतिक क्षेत्र में भी नेता का चरित्र और भविष्य देखा जाता है ।आम आदमी का सम्मान और स्वाभिमान बना रहे ऐसा काम इस क्षेत्र में होगा।गलत काम करने वालों को वक्शा नहीं जायेगा। नौजवानों को अच्छा माहौल मिले। नशाखोरी को हावी ना होने दें क्षेत्र में युवा खुलेआम पाउडर पी रहे हैं।अब यह नहीं चलेगा।इस क्षेत्र का युवा अच्छे कार्य में क्षेत्र का नाम रोशन करें।यह आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनें इस दिशा में हम सभी को मिलकर काम करना है।हम जनता की सेवा करने के लिए विधायक बनें है और सेवा ही हमारी प्राथमिकता होगी।माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने की दिशा महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही है। इसके पूर्व स्वतंत्रता सेनानी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तथा सेनानियों के परिजनों का सम्मान शाल श्रीफल से किया गया। एवं नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा पार्षदों, तथा सीएमओ श्रीकांत पाटर के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, वरिष्ठ चिकित्सक डा शचींद्र मोदी, नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा,डा, प्रकाश जैन, पंडित विष्णु दत्त त्रिपाठी,राधा बल्लभ पांडे, रामकुमार ठाकुर, ने भी संबोधित किया। एवं तेंदूखेड़ा मे स्वतंत्रता सेनानियों की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।

### रामधुन निकाल कर हुई शुरुआत

नगर गौरव दिवस के अवसर पर प्रातः काल नगर के मुख्य मार्गों से राम नाम संकीर्तन करते हुए प्रभातफेरी निकाली गई।स्कूली छात्र छात्राओं ने रंगोलियां बनाई, तथा नगर के मुख्य मार्गों से स्वतंत्रता सेनानी सद्भावना रैली निकाली गई जिसे परिषद अध्यक्ष एवं पार्षदों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में देश प्रेम से परिपूर्ण सुंदर जीवंत झांकी बनाई गई। रैली का समापन कार्यक्रम स्थल पर किया गया। उक्त सभी कार्यक्रमों में नगर के सेवा भावी संगठनों संस्थाओं शैक्षणिक संस्थाओं का विशेष योगदान रहा।साथ ही संतोष पटेल, राजीव अग्रवाल, शिवदयाल खेरोनिया, डालचंद पटेल, लीलाधर कुशवाहा, राजेन्द्र पाली शालिगराम पांडोरिया, गुड्डू ठाकुर गोविंद पाली, श्याम सिंह ठाकुर, सीताराम पुजारी सहित नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक छात्र छात्राएं ,शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डालचंद पटेल ने किया।